# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने आज भुबनेश्वर में उत्कार्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्कलेव का उद्घाटन किया। कॉन्कलेव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुसंधान और नवाचार के लिए मजबूत ढांचा तैयार करने की सरकार की वचनबद्धता दोहरायी और उद्योग जगत से अपील की कि वह इस दिशा में सरकार के साथ सहयोग करे। श्री मोदी ने कहा कि पूर्वी भारत देश का ग्रोथ इंजन है।

********************

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक कल बुलायी गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने यह जानकारी दी है। इस बैठक में राज्य हित में सरकार कई निर्णय ले सकती है।

********************

जेपीएससी और झारखंड एकेडमिक काउंसिल में अध्यक्ष का पद खाली होने के मामले में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि छात्र हित और रोजगार सृजन किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए लेकिन छात्रों का दुर्भाग्य है कि झारखंड में उन्हें अनिश्चितता का सामना करना पड़ा रहा है।

********************

लोहरदगा जिले में कुष्ठ रोगियों की पहचान के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया गया है। विस्तृत ब्यौरा हमारे संवाददाता से।

********************

केन्द्र सरकार द्वारा किसानों की आय दोगनी करने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में आज रांची में केन्द्र सरकार के स्पाइसेस बोर्ड द्वारा क्रेता– विक्रेता बैठक आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एस सी दूबे मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्य उत्पादों में इमली भी शामिल है। लेकिन गुणवत्ता की कमी के कारण उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि इमली की गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए झारखंड के किसानों को बिरसा कृषि विशवविद्यालय हर संभव मदद करने को तैयार है।

********************

सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया स्थित टाटा स्टील की अनुषंगी इकाई टायो आवासीय सेक्टर के फ्लैट गिरने के मामले पर भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने फ्लैट में रह रहे लोगों को इंसाफ दिलाने का भरोसा दिलाया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आज घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में टाटा प्रबंधन से बात कर मजदूरों के हित में निर्णय लिया जायेगा।

********************

रांची पुलिस ने कोयला व्यापारी अभिषेक कुमार सिंह हत्याकांड मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कोयला व्यापार से जुड़े विवाद में अभिषेक कुमार सिंह की हत्या हुई है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड के देहरादून के महाराणा प्रताप स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे। 28 जनवरी से 14 फ़रवरी तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में 35 खेलों की कुल 47 स्पर्धाएं होंगी। झारखण्ड के तकरीबन 250 खिलाड़ी और अधिकारी 18 खेलों में भाग लेंगे। गौरतलब है कि 38वें नेशनल गेम्स के लिए झारखंड का किट लॉन्च और सेंड ऑफ सेरेमनी बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम रांची में 22 जनवरी को सम्पन्न हुआ था। एक रिपोर्ट–

********************